नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय के छात्र का चयन

फ़िल्म एवं टेलीविजन संस्थान में

प्रदर्शनकारी कला विभाग से शिवम कुमार ने ली है स्नातक डिग्री

वर्धा, 25 जुलाई 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के प्रदर्शनकारी कला विभाग के विद्यार्थी का चयन फ़िल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता में हुआ है। प्रदर्शनकारी कला विभाग के बैचलर डिग्री स्तर के पाठ्यक्रम अभिनय एवं मंच विन्यास से इसी सत्र में डिग्री प्राप्त करने वाले शिवम कुमार समस्तीपुर, बिहार के निवासी हैं। चयन होने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि बैचलर डिग्री के दौरान फ़िल्म और रंगमंच क्षेत्र को समझने का एक बेहतर माहौल हिंदी विश्वविद्यालय में मिला। वर्धा में पढ़ाई के दौरान मेरी रुचि फ़िल्म निर्माण में बढ़ी और मैंने फ़िल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता (एफटीआईआई) में आवेदन किया। फ़िल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता फ़िल्म निर्माण की शिक्षा के लिए एशिया का श्रेष्ठ संस्थान माना जाता है जो भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत एक शैक्षणिक संस्थान है। शिवम का चयन सत्यजीत रे फ़िल्म एवं टेलीविजन संस्थान के तीन वर्षीय सिनेमा में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। उन्होंने इसका श्रेय प्रदर्शनकारी कला विभाग अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भारती,डॉ.अश्विनी कुमार सिंह, डॉ. सुरभि विप्लव को दिया है तथा विभाग के अन्य शिक्षकों एवं कर्मियों के प्रति भी कृतज्ञता जाहिर की है। पूर्व में भी प्रदर्शनकारी कला विभाग के विद्यार्थी संजय साहू , संतोष यादव और श्रीकृष्णा का चयन फ़िल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे में हुआ है। इस विभाग के विद्यार्थी लोकप्रिय धारावाहिकों में भी अभिनय कर रहे हैं।